# जल्दी पूर्ण हो बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य

**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** जिला कलेक्टरेड में सी एस सी की एकदिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हुई।जिसमे सीएससी स्टेट हेड अतुलित राय सहित सीएससी राज्य परियोजना प्रबंधक तुलेश डहरवाल, आधार प्रमुख अनुराग सिंह एवं सीएससी राज्य टीम से रवि सिंह का आगमन हुआ । इस अवसर पर अतुलित राय ने सभी वी एल ई को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि नरसिंहपुर जिले में जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य पूर्ण किया जाये एवं 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गो का आयुष्मान कार्ड कैंप मोड पर घर घर जाकर बनाना सुनिश्चित करें।

70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गो का आयुष्मान कार्ड का कार्य शत प्रतिशत होना चाहिए,साथ ही सी एस सी मध्यप्रदेश प्रमुख अतुलित राय के बताया की जल्द ही सी एस सी संपदा 2 जैसी सेवाएं भी देने जा रहा है जो सम्पत्ति रजिस्ट्री जैसे कार्यो में वी एल ई को आगे बढ़ने का मौका देगी एवं वर्तमान में मछली पालन करने वाले मछुवारों के रजिस्ट्रेशन का कार्य भी सी एस सी के द्वारा किया जा रहा है।



**कैम्प मोड पर शत प्रतिशत हो आयुष्मान कार्ड निर्माण**

**आधार बनाने में न हो ओवर चार्जिंग,अन्यथा आधार होगा निरस्त - अनुराग सिंह** – जैसा की ज्ञात है कि आधार बनाने एवं सुधार कार्य किये जाने पर अलग अलग शुल्क दिया जाता है तथा सी एस सी द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों में आधार बनाने का कार्य किया जाता है जिसके लिए सी एस सी द्वारा आधार ऑपरेटर जिला मुख्यालय सहित तहसीलो में नियुक्त किये गए है,इन सभी ऑपरेटरस को अनुराग सिंह द्वारा निर्देश देकर कहा गया कि किसी भी प्रकार से आधार बनाने के कार्य में ओवर चार्जिंग न की जाये एवं न ही किसी भी प्रकार से हितग्राही परेशान हो।

**किसानों को बताये बीमा का लाभ - तुलेश डहरवाल** –सी एस सी बीमा प्रमुख तुलेश डहरवाल ने किसानो को बीमा सम्बंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने पर जोर देते हुए कहा कि आज किसान सिर्फ खेती ही नहीं कर रहा बल्कि पशु पालन सहित अन्य कार्य भी उसकी जीवन शैली में शामिल है ऐसे में किसानो को फसल बीमा सहित पशु धन बीमा एवं अन्य स्वास्थ्य बीमाओ की जानकारी वी एल ई उपलब्ध कराये।

# जब्तशुदा 25 साइलेंसरों पर चला पुलिस का बुलडोजर

## कानफाडू तेज आवाज वाले वाहनों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई

**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत कान फाडु तेज आवाज वाले जप्तशुदा 20 साइलेंसर बुलडोजर चलाकर नष्ट किए गए। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका द्वारा जिले में यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के उद्देश्य से अभिनव पहल करते हुये जिले के नगरीय एवं व्यस्तम क्षेत्रों में अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य यातायात बाधित करने वाले दुकानदार, हाथ ठेले एवं वाहन चालकों के विरुद्ध को समझाईस देना एवं समझाईस के उपरान्त सुधार न आने पर उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही करना है। साथ ही नियम विरूद्ध वाहन चलाने वालों को समझाइस देने के उपरान्त भी जिन वाहन चालकों में सुधार नही हुआ उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही करना है। साथ ही विगत दिनों में जिले में कान फाडु तेज आवाज वाले साइलेंसर दो पहिया वाहन के खिलाफ कार्यवाही करते हुये 20 बाइक्स (बुलेट) एवं



कान फाडु सायलेंसर लगाने पर उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए वाहनों से साइलेन्सर निकाले जाकर जप्त किए गए थे।

**25 साइलेंसर बुलडोजर चलाकर किए गए नष्ट** –पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला अंतर्गत नरसिंहपुर पुलिस द्वारा कान फाडु तेज आवाज वाले साइलेंसर (दो पहिया वाहन) के खिलाफ कार्यवाही करते हुये 20 बाइक्स (बुलेट) एवं कान फाडु सायलेंसर लगाने पर उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए वाहनों से साइलेन्सर निकाले जाकर जप्त किए गए थे जिन्हे आज दिनांक 13 नवंबर को सुभाष पार्क चौराहे पर बुल्डोजर के माध्यम से नष्ट कर आमजनों को संदेश दिया गया कि अपने वाहनों में तेज आबाज वाले सायलेंसरों का उपयोग न किया जावे इससे बीमार, स्कूली छात्र/छात्राओं एवं आमजनों को असुविधा का समना करता पडता है एवं दुर्घटना होने की सभावना बनी रहती है।

## सार-समाचार

### अंकित गाडरवारा पटवारी नियुक्त

**गाडरवारा, देशबन्धु।** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय प्रशासन द्वारा तहसील कार्यालय में पदस्थ योगेश पटेल पटवारी के स्थान अब उनकी जगह सालीचौका मौजा में पदस्थ रहे अंकित जैन को गाडरवारा तहसील कार्यालय में पटवारी के रुप में पदस्थ किया गया है।

### विकासखंड मैनेजमेंट यूनिट की बैठक

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस जनपद शिक्षा केन्द्र चीचली में बीपीएमयू बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए विकासखंड स्रोत समन्वयक डी के पटेल एवं बीएसी अरुण दुबे के द्वारा एफएलएन की लक्ष्य अनुसार मॉनिटरिंग, यू डाइस प्लस पोर्टल फीडिंग, आत्मरक्षा प्रशिक्षण की जानकारी, मेंटरिंग, निशुल्क पाठ्य पुस्तक की पोर्टल एंट्री की समीक्षा, दिव्यांग छात्रों की पोर्टल पर एंट्री, दैनिक एवं मासिक पी एम पोषण आहार के मैसेज, शैक्षिक संवाद पर चर्चा की गई। एमआईएस कोऑर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव द्वारा अपार आईडी से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण के विकासखंड सहप्रभारी सत्यम ताम्रकार द्वारा सर्वेक्षण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं जैसे मॉक टेस्ट, चेटवोट प्रश्नोत्तरी, विश्लेषण प्रपत्र अनुसारकठिन बिंदुओं का समावेश एवं उनके निदान इत्यादि पर चर्चा की गई। इस बैठक में लेखापाल खुशबू ब्रिजपुरिया, अजय नामदेव, प्रमोद साहू, संजय सोनी, हरिओम स्थापक, सत्यम ताम्रकार, ललित पाराशर, हरीश गुप्ता, कैलाश कहार इत्यादि की सक्रिय उपस्थिति रही।

### राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए तकनीकी आफिसियल्स नियुक्त

**गाडरवारा, देशबन्धु।** नगर के पुराना कॉलेज स्थित रूद्र मैदान मे 16 नवंबर से 20 नवंबर तक आयोजित होने जा रही 68 वी राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए मप्र लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल ने 25 तकनीकी आफिसियल्स की नियुक्ति की हैं। इस संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार भोपाल से चीफ रेफरी जे सी शर्मा,अरुण पांडे,ग्वालियर से राजेश शर्मा,ब्रजराज गुर्जर,हरदा से रामनिवास जाट, नरसिहपुर से देवेश वैध, मंदसौर से राजेश मान्या, नितेश मकवाना, किशोर माली, जबलपुर से ज्ञानेश्वर ठाकुर, चंदा सोनी, पुष्पा रघुवंशी,हेमलता तिवारी, उमरिया से कमलेश शुक्ला सहित इंदौर, विदिशा, भिंड जिलों के व्यायाम निर्देशक को तकनीकी आफिसियल्स के रूप मे नियुक्त किया गया हैं ।

### कलेक्टर ने अधिकारियों को दायित्व सौंपे

**गाडरवारा, देशबन्धु।**।17 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग में 68 वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 20 नवम्बर को रूद्र मैदान में किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में प्रदेशों (इकाईयों) के लगभग 672 प्रतिभागी,खिलाड़ी एवं 140 ऑफीशियल्स भाग लेंगे। प्रतियोगिता संचालन के लिए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने विभिन्न समितियों का गठन कर दायित्व सौंपे हैं जिनमें कार्यकारी अध्यक्ष मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दलीप कुमार, मार्गदर्शन मंडल सहायक कलेक्टर शुभम यादव, नोडल अधिकारी एस डी एम श्रीमती कलावती व्यारे,सहायक नोडल अधिकारी सुश्री प्रियंका नेताम तहसीलदार आकाश डहारे होंगे।संगठन सचिव, संगठन सह सचिव व सदस्य को भी नियुक्त किया गया है।

### पुलिस ने नशा मुक्ति जन जागरण अभियान में मीडिया से बनाई दूरी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय तहसील सभागृह में प्रशासन द्वारा नशा मुक्ति जनजागरण अभियान को लेकर एक कार्यशाला आयोजित की गई थी। जिसमें उन पत्रकारों को नहीं बुलाया गया जिन्होंने एक दिन पूर्व पुलिस थाने में आयोजित पत्रकार वार्ता में नशा मुक्ति को लेकर कुछ प्रश्न उठाए थे। वैसे भी उल्लेखनीय है कि पत्रकारों द्वारा अपने समाचार पत्रों में इस तरीके की खबरों के प्रशासन से लोगों में जन जागरूकता आती है, परंतु पुलिस प्रशासन द्वारा पत्रकारों को इस तरीके से उपेक्षित करना समझ से परे है। पुलिस के व्यवहार से लग रहा था कि पुलिस चाहती है कि नशा जैसे मामले न उठाए जाएं। उल्लेखनीय है कि पत्रकारों द्वारा समय-समय पर क्षेत्र में नशे के कारोबार को लेकर समाचारों का प्रकाशन किया जाता रहा है। पत्रकार भी क्षेत्र में नशा मुक्ति के लिए सहयोग करने को तैयार रहते हैं, परंतु पुलिस प्रशासन जब कोई ऐसी कार्यशाला या कार्यक्रम आयोजित करता हैं तो पत्रकारों से दूरी बना ली जाती है। जिसका सबसे बड़ा उदाहरण विगत दिवस स्थानीय तहसील कार्यालय में आयोजित की गई कार्यशाला या कार्यक्रम से लगाया जा सकता है।

### रामचरित मानस पाठ का आयोजन आज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सिद्ध हनुमान मंदिर, महुआखेड़ा धाम में रामचरित मानस पाठ (व्याख्या सहित) का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह धार्मिक कार्यक्रम रामायण सत्संग मंडल के तत्वावधान में संपन्न होगा, जिसमें क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी स्वजनों को सपरिवार आमंत्रित किया गया है। आयोजन आज 15 नवम्बर शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। इस कार्यक्रम में श्री रामचरित मानस की व्याख्या के साथ पाठ किया जाएगा, जिसमें धर्मप्रेमियों को कथामृत का पान करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि वे अपने मित्रों व परिवार सहित इस आयोजन में शामिल होकर अपने जीवन को धन्य बनाएं। महुआखेड़ा धाम तक पहुँचने के लिए पक्की सड़क से सुगम आवागमन की व्यवस्था है।

# केन्द्रीय जेल में नवनिर्मित प्रिंटिंग प्रेस यूनिट का लोकार्पण

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरसिंहपुर कमल जोशी के मुख्य आतिथ्य, कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका की विशेष मौजूदगी में केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में 22 लाख 62 हजार रुपये की लागत से नवनिर्मित प्रिंटिंग प्रेस यूनिट का लोकार्पण हुआ। उल्लेखनीय है कि यह प्रिंटिंग प्रेस यूनिट एनटीपीसी गाडरवारा के सीएसआर फंड से निर्मित की गई है। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में परिरूद्ध बंदियों को कार्य एवं पुर्नवास की दृष्टि से नवीन प्रिंटिंग प्रेस निर्माण की परिकल्पना तत्कालीन जेल अधीक्षक सुश्री शेफाली तिवारी के द्वारा की गई थी। इस पहल के लिये प्रयास प्रारंभ से किये गये। फलस्वरूप नवीन प्रिंटिंग प्रेस यूनिट चरितार्थ रूप में जेल में स्थापित हो गयी है। उक्त प्रिंटिंग प्रेस से लगभग 25- 30 बंदियों को जेल में कार्य करने व प्रिंटिंग कार्य सीखने का अवसर मिलेगा। केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर एवं नरसिंहपुर के सर्किल में अधीनस्थ आने वाली समस्त जिला जेल एवं सब जेलों के लिए प्रिंटिंग संबंधी आवश्यक सामग्री का निर्माण जेल में ही किया जायेगा। साथ ही जिला नरसिंहपुर के अन्तर्गत आने वाले समस्त शासकीय कार्यालयों के लिए आवश्यकता अनुसार प्रिंटिंग प्रेस सामग्री निर्माण कर उपलब्ध कराई जा सकेगी। इस अवसर पर अपर सत्र न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर वैभव सक्सेना, जेल अधीक्षक अजमेर सिंह ठाकुर, उप जेल अधीक्षक महेश प्रसाद टिकारिया, सहायक जेल अधीक्षक संतोष हरियाल, आशीष कुमार खरे, एडवर्ड स्वामी तथा अन्य जेल के कर्मचारीगण मौजूद थे।



**प्रधान जिला न्यायाधीश जोशी ने किया लोकार्पण**

# सोलर पैनल के लिए मिलेगी सबिसडी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड गाडरवारा संभाग स्तर एवं वितरण केंद्र स्तर पर पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना के प्रचार प्रसार करने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत उपभोक्ताओं को सोलर से होने वाले लाभ, नेशनल पोर्टल के माध्यम से उपभोक्ताओं को सब्सिडी सीधे उनके खाते में प्राप्त करने के संबंध में एवं वेंडर की जानकारी आदि उपभोक्ताओं को प्रदान की गई।

शिविर में उपस्थित कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं को नेट मीटरिंग प्रक्रिया व सब्सिडी के प्रावधान आदि की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। इस शिविर में 4 वेंडरों ने भाग लेकर विभिन्न जानकारियों से उपभोक्ताओं को अवगत कराया।

इस अवसर पर विद्युत कंपनी के सहायक अभियंता शुभम मेहरा ने कार्यशाला में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से हितग्राहियों को कम दरों में दी जाने वाली सब्सिडी के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही बताया गया कि पीएम सूर्य घर बिजली योजना के लिए सभी बैंकों द्वारा कम दरों पर ब्याज ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके तहत उपभोक्ता अधिक से अधिक योजना का लाभ उठा सकें और इस योजना का फायदा ले सकते हैं। इस योजना के तहत सोलर रूफ टॉप के माध्यम से उपभोक्ता अपने घरों में सोलर पैनल स्थापित कर सीधे विद्युत कंपनी के ग्रिड से कनेक्टिविटी कर बिजली का उपयोग कर सकते हैं। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक किलोवाट में राशि 30 हजार, 2 किलोवॉट में 60 हजार व 3 किलोवाट व उससे अधिक के लिए 78 हजार रुपए की सब्सिडी योजना के तहत दिया जाना है। शिविर में लगभग 20 उपभोक्ताओं ने योजना के बारे में जानकारी एवं 8 उपभोक्ताओं ने पोर्टल पर पंजीयन कराया।



**पीएम सूर्य योजना के तहत शिविर**

# बाल दिवस पर स्कूलों में लगे बाल मेले

**गाडरवारा, देशबन्धु।** बीते गुरुवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व जवाहर लाल नेहरू की जयंती के अवसर पर बाल दिवस के उपलक्ष्य में क्षेत्रीय स्कूलों मे बाल-मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी मे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनवारी में कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरूजी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की दुकाने लगाई गई एवं रंगा- रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गए। कार्यक्रम में कक्षा 1 से कक्षा 12वीं तक के बच्चों ने अपनी सहभागिता दी।

इस अवसर पर प्राचार्य आनंद कुमार चौकसे , वरिष्ठ शिक्षक सुनील कुमार द्विवेदी ,उमाकांत पचौरी, श्रीमती सरला झरिया, के. पी. वर्मा, लालजी प्रसाद कपाड़िया, देवेंद्रा रुसिया, लक्ष्मी कौरव एवं समस्त स्टाफ सक्रिय रहा। इसी प्रकार नगर के स्थानीय शासकीय पूर्व माध्यमिक कन्या शाला गाडरवारा में भी बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले मे श्रीमती कृष्णा चौहान माध्यमिक शिक्षक के मार्गदर्शन में बाल कैबिनेट के द्वारा विभिन्न स्टाल लगाए। इस मेले में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष बाबूलाल सोनी एवं प्रधान पाठक रजनीश गुप्ता ने मेले का सरस्वती पूजन उपरांत शुभारंभ किया। इसी प्रकार विकासखंड चीचली के उत्कृष्ट विद्यालय में बाल दिवस के उपलक्ष्य में छठवीं से बारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा बाल मेले का आयोजन किया गया।

इस बाल मेले में विद्यार्थियों द्वारा लगभग 57 विभिन्न प्रकार की दुकानों के स्टाल लगाए गए। जिसमे समोसा, कचौरी, लौंगलता, चाय, काफी, भेलपुरी, पानीपूरी, गन्ना रस, पिंड खजूर, विभिन्न प्रकार के फलों यथा केला, संतरा, पपीता इत्यादि से संबंधित स्टाल लगाए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यालय प्राचार्य भूपेश ठाकुर ने बाल मेला के आयोजन से विभिन्न प्रकार से कार्य, मेला आयोजन का महत्व, विद्यार्थियों में नेतृत्व भावना का विकास, सामाजिकता, वस्तुओं के क्रय विक्रय की समझ इत्यादि पर अपने विचार रखे। कन्या माध्यमिक शाला की छात्राओं एवं शिक्षकों ने भी इस बाल मेले का भ्रमण कर इस आयोजन की सराहना की। मेले के आयोजन में शिक्षक हेमंत शुक्ला, सत्यम ताम्रकार, जीएस मेहरा, भारत ताम्रकार, विनीत नामदेव, केआर रजक, शिवम नागा, सरफराज मोहम्मद, दिनेश गर्ग, रजनी सराठे, सुलेखा शर्मा, मोनिका विश्नोई, आरती कौरव, नंदिनी नामदेव, मोनिका मिश्रा, सृष्टि कौरव, निधि केरकट्टा, रोहित कहार, स्मृति ताम्रकार, शिखा श्रीवास्तव, राजबाई लोधी, प्रीति राय, सीपी वर्मा, सुरेंद्र राजपूत, मुकेश मेहरा इत्यादि मार्गदर्शन तथा सहयोग रहा।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया पं. जवाहरलाल नेहरू को याद



**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय पुरानी गल्ला मंडी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस मनाकर उनका स्मरण किया गया। कांग्रेस जिन्होंने नेहरू जी के छायाचित्र पर पुष्प चढ़ा कर पुष्पांजलि अर्पित की।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता एचव्ही रफीक ने संबोधित करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिन पूरे देश भर में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है नेहरू जी को बच्चों से काफी प्रेम था इसलिए बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कहा करते है। देश के विकास की आधारशिला में नेहरू जी का महत्वपूर्ण योगदान है।

इस मौके पर अनिल साहू विनोद ठाकुर आदि ने भी अपने विचार रखते हुए नेहरू जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। उपस्थित कांग्रेस जनों ने 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि देते हुए चाचा नेहरू को याद किया।

# कीर्तन की रात बाबा आज थाणे आनो है..

**श्री खाटूश्याम जन्म महोत्सव**

**भजन संध्या में उमड़े श्याम प्रेमी**

**करेली, देशबन्धु ।** भगवन् श्री कृष्ण को अपना शीश देने वाले, कलयुग में हारे के सहारे नाम से विख्यात भगवन् श्री खाटू श्याम की प्रत्येक एकादशी पर होने वाली महाआरती के तहत खाटू नरेश की प्रसिद्ध देवउठनी एकादशी जन्म महोत्सव पर नगर के तुलसी नगर स्थित श्री खाटूश्याम मंदिर मे श्याम संकीर्तन के साथ उत्सव मनाया गया। श्री भगवान का पावन दरबार सजा। श्री श्याम सेवा समिति करेली द्वारा आयोजित जन्म महोत्सव व भजन संध्या मे भक्त ऐसे खोये कि सिर्फ खाटू का ही नाम सबकी जुँबा पर रहा। सर्वप्रथम श्री खाटू नरेश के मनमोहन दरबार को विविध फूलों से सजाकर विधिपूर्वक पूजन अर्चन हुआ। इत्र, शहद, जल से लखदातार भगवान का स्नान हुआ। श्री श्याम बाबा को 56 भोग अर्पित हुए। तदुपरांत बाबा की ज्योत प्रज्जवलित की गई। आयोजन समिति द्वारा गायक कलाकारों का तिलका भिनंदन व दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। ज्योत प्रज्वलन के साथ ही सुमधुर कंठ के धनी कौशल किशोर नेमा द्वारा श्री गणेश वंदना प्रस्तुति के साथ जिले की सुप्रसिद्ध गायिका शिवानी शर्मा ने खाटूश्यामजी



को समर्पित एक से बढ़कर एक भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी। जिससे सारा माहौल भक्ति के रंग से सराबोर हो गया। फूलो के जरिए बाबा के साथ हर्षोल्लास वातावरण में महोत्सव हुआ। सभी जनों ने क्रमशः भक्तों ने उपस्थित होकर हवन कुंड में अपनी और से आहुतियां दी। व खाटू श्याम की आराधना वंदना की। मंच संचालन पत्रकार अमित जैन संजय ने किया।

**खाटू बुला रहा है- ये कृपा नहीं तो क्या है** – हारा हूँ बाबा मुझे तुझपे भरोसा है..मुझे कौन पूछता था तेरी बंदगी से पहले..होलिया में उड़े रे गुलाल श्याम तेरे मंदिर में.. ये जो चमक दमक फूल बन मा महक सब कुछ सरकार तुम ही से है..तू कृपा कर बाबा कीर्तन करवाऊंगी..कीर्तन करो ऐसा इतिहास बनाऊंगा..जैसे पावन गीतों की पावन धुन से सारा परिसर गुंजायमान रहा। नगर के सुमधुर कंठ के धनी सरदार गगन दीप सिंह हर्ष ने गीत.. तीन बाण के धारी बाबा बाण चलाओ ना.. मुश्किल में है दास तेरा अब जल्दी आओ ना..ये जो केसरी के लाल, कर दो मेरा बेड़ा पार...आदि गीतों से माहौल धर्ममय हो गया। इस अवसर पर हर्ष सिंह के गीत %प्रेमियों की आस है । आँफीशियल गीत भी रिलीज हुआ। श्री श्याम परिवार के गायक अनुराग अग्रवाल ने बाबा श्याम की महिमा का गुणगान कर श्याम दरबार में अपनी प्रस्तुति दी। क्या महिलाएं, क्या पुरूष, क्या युवतियां सभी श्याम रंग मे रंगकर नृत्य करते हुए बाबा की भक्ति में झूम उठे ।

# बाल दिवस पर छात्रों को बांटे पुरस्कार

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।**प्रभारी जनपद मुख्य कार्य पालन अधिकारी करेली अतिरिक्त कलेक्टर शुभम् यादव द्वारा विकासखंड करेली की शासकीय माध्यमिक शाला जोबा का अवलोकन कर बाल दिवस पर छात्र छात्राओं द्वारा खेल आयोजन में सहभागिता की एवं छात्र छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। अवलोकन के दौरान जनपद शिक्षा केंद्र करेली बी आर सी प्रमेंद्र सिंह जाट, सी ए सी नितिन नारोलिया, विद्यालय से शिक्षक सुधीर तिवारी एवम् शाला परिवार उपस्थित रहे। बीआरसी प्रमेंद्र सिंह जाट द्वारा पिपरिया बड़ोदिया की शाला में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा आयोजित व्यंजन मेले का अवलोकन कर नन्हे बच्चो का उत्साह वर्धन किया।

# गुरुनानक जयंती मिलन समारोह आज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सिक्ख धर्म के प्रथम गुरू श्री गुरूनानक देव की जयंती पर समन्वय परिवार की ओर से एक सर्व धर्म मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समन्वय परिवार, नरसिंहपुर ने बताया कि आज 15 नवंबर को शाम 4 बजे एकता वाटिका, सच्चिदानंद आश्रम में कार्यक्रम होगा। समन्वय परिवार, नरसिंहपुर ने उपस्थिति की अपील की है।

**मार्केट वॉच गाडरवारा**
क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र
अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल
Sara Group of Institutions
प्रवेश प्रारंभ
पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
• प्राथमिक चिकित्सा उपचार
• आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
• योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
• फैशन डिजायनिंग
• संगणक अनुप्रयोग डीसीए
स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
• आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
• आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
• सायबर कानून
• जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
• संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए
एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883